हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 मई 2024

तापमान
अधिकतम 45 .5 डिग्री
न्यूनतम 25 .3 डिग्री

12 शंभू बॉर्डर पर किसानों की प्लानिंग, हरियाणा पंजाब में मतदान ...



12 बेहतर भविष्य व देश के विकास के लिए करें मतदान



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में 17 साल से फरार आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने चोरी के मामले में पकड़े जाने के बाद जेल से जमानत पर आकर फरार होने वाले आरोपी इंतजार निवासी गांव दौघट जिला बागपत हाल निवासी बनत जिला शामली यूपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2003 में आरोपी इंतजार पानीपत में विकास नगर में किराये के कमरे में रहता था। आरोपी ने 2 नवम्बर 2003 को पास में किराये के कमरे पर रहने वाले अपने गांव निवासी अरूण के कमरे से 1.16लाख रुपए चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। थाना चांदनी बाग में अरूण पुत्र लक्ष्मीचंद निवासी दौघट शामली यूपी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### सनौली पुलिस ने मादक पदार्थ सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस की टीम 480 ग्राम चरस तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर शाहरूख को उसके गांव मंडावर जिला शामली, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर पानीपत लाई है। थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि शाहरूख ने करनाल के गुरू नानकपुरा के सौरभ व राम नगर के जयबीर को 480 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया था। नशे की यह खेप शाहररूख ने आरोपियों को बीस हजार रूपये में बेची थी।

### अपहरण के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में जेके स्कूल के पास गली से सोनू निवासी बतरा कॉलोनी का अपहरण कर उसे गंभीर चोट मारने के मामले में विनोद निवासी गांव गोली जिला करनाल हाल निवासी बतरा कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपी विनोद पर थाना पुराना औद्योगिक में बतरा कॉलोनी निवासी सोनू पुत्र कृष्ण की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हेरोइन व कार सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र हाथी खाना मन्दिर के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी नीशु व नवनीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। पुलिस ने हाथी खाना मंदिर के पास बनी पीर बाबा की दरगाह के पास नाकाबंदी कर आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# भीषण गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल गर्म हवा के कारण बाजार सुनसान

## कूलर और पंखे की हवा भी लोगों के काम नहीं आ रही, ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सूरज के सख्त तेवर से गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बढ़ते तापमान ने लोगों का हाल-बेहाल कर दिया है। अधिकतम तापमान 43 डिग्री से ज्यादा पहुंच गया है। कूलर और पंखे की हवा भी लोगों के काम नहीं आई। गर्मी से लोगों का हलक सूखता रहा तो कमरे के भीतर पंखे की हवा में पसीना पोछना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में धूप से बचने के लिए लोग पेड़ की छांव खोजते रहे। गर्मी की तपिश जिस तरह से है, उससे लोगों की मुश्किल और बढ़ने वाली है। शाम तक गर्म हवा चलती रही, जिस कारण दुकान और बाजार में सन्नाटा रहा। गर्मी के कारण व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। सुबह दस बजते ही तेज धूप से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। गर्मी के चलते बाजारों में भी चहल-पहल कम है। शाम के समय कुछ भीड़ बाजारों में दिखाई देती है। गर्मी के कारण दोपहर के समस सड़कें सुनसान नजर आती हैं, लोग केवल आवश्यक कार्यों को लेकर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। शहर के मार्गों बाजारों के साथ-साथ बस अड्डा रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की संख्या में कमी आती नजर रही है। भीषण गर्मी से बचाव को लेकर ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ रही है। वीरवार को अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किसानों से अपील है कि इस मौसम में हरे चारा व सब्जियों की फसल को बचाने के लिए खेतों में पानी देते रहें ताकि नमी बनी रहे। रात के तापमान में वृद्धि होने के चलते लोगों को और भी परेशानी हो रही है। वही गर्मी बढ़ते ही मौसमी बीमारी बढ़ने लगी है। इसमें डायरिया, त्वचा, लू लगना, पानी की कमी, फूड पॉइजनिंग आदि बीमारी शामिल है। चिकित्सक डॉक्टर आशीष अनेजा ने बताया कि शरीर से जब पसीना निकलता है तो शरीर में पानी और नमक की मात्रा काफी कम हो जाती है, इससे शरीर की पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है, इस वजह से उल्टी और दस्त की शिकायत बढ़ जाती है।

■ ग्रामीण क्षेत्रों में धूप से बचने के लिए लोग पेड़ की छांव खोजते रहे



कुरुक्षेत्र। गर्मी से बचने के लिए कपड़े से मुंह ढककर जाता वाहन चालक।

### नियमित अंतराल में पिएं पानी

डॉक्टर आशीष अनेजा ने बताया कि इस मौसम में नियमित अंतराल पर खूब पानी पिएं और अधिक पसीना निकल रहा है तो दिन में ओआरएस का घोल जरूर पिएं। बच्चे को 11 से शाम 4 बजे तक धूप के संपर्क में ना आने दें। मौसमी फलों का सेवन करें और खाने-पीने में तैलिय पदार्थ का सेवन कम करें। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए दिन के सबसे ज्यादा गर्मी वाले समय में, घर से बाहर नहीं निकलें। अत्यधिक मात्रा में पानी और जूस पीएं, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। ढीले ढाले लाइट कलर के सूती कपड़े पहने जो पसीना को अच्छे से सोख लेता है।

# अर्धनग्न होकर कड़ी धूप में निकाली बेरोजगार पद यात्रा



कुरुक्षेत्र। अर्धनग्न होकर पैदल यात्रा निकालते बेरोजगार युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

फायरमैन ऑपरेटर कम ड्राइवर भर्ती को लेकर वीरवार को युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। युवा विरोध प्रदर्शन में पैदल यात्रा निकालकर सीएम के समक्ष अपनी मांग रखेंगे। फायरमैन ऑपरेटर कम ड्राइवर भर्ती को लेकर युवा द्वारा अर्धनग्न होकर बेरोजगार पद यात्रा निकाली जा रही है। युवाओं द्वारा पद यात्रा पंचकूला से शुरू की गई है। यह यात्रा करनाल तक चलेगी और करनाल में मुख्यमंत्री के समक्ष युवा अपनी मांग रखेंगे। वीरवार को यह यात्रा कुरुक्षेत्र पहुंची। यात्रा में शामिल युवाओं का कहना है वह 750 लोग है, जिन्हें भर्ती नहीं किया जा रहा जबकि वो एलिजिबल हैं और उनकी भर्ती को स्वीकार नहीं किया जा रहा। उन्हें दफ्तर के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। वह दमकल विभाग जाते हैं तो उन्हें एचएसएससी दफ्तर भेजा जाता है और एचएसएससी दफ्तर जाते हैं तो उन्हें दमकल की तरफ भेज दिया जाता है। वह मुख्यमंत्री से भी मिल चुके है, उन्हें एक हफ्ते का समय दिया गया था, लेकिन कोई हल नहीं हुआ। इसलिए अब वह पदयात्रा कर रोष जता रहे हैं।

युवा विनोद ने बताया कि वर्ष 2023 दिसंबर में हुई फायर मैन की भर्ती में परीक्षा हुई थी। परीक्षा में प्रदेश के 1400 युवा पास हुए थे। पास होने के बाद भी उन्हें भर्ती नहीं किया गया। इसी को लेकर वे अर्धनग्न अवस्था में कड़ी धूप में पैदल यात्रा कर रहे हैं।

■ फायरमैन ऑपरेटर कम ड्राइवर भर्ती को लेकर युवाओं द्वारा निकाली जा रही पद यात्रा

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्यों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा (संबंधितअखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्ज महासंघ) के सदस्यों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर शहर के दशहरा ग्राउंड में प्रदर्शन व कन्वेंशन का आयोजन किया। मौके पर उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने सरकार पर रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगो की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य जिला प्रधान सोमनाथ के नेतृत्व में शहर के दशहरा ग्राउंड में एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने मौके पर कन्वेंशन का आयोजन कर सरकार की रिटायर्ड कर्मचारियों के प्रति बरते जा रहे व्यवहार की कड़ी निंदा की। जिला प्रधान सोमनाथ व सचिव जोत सिंह रावत ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी कर्मचारी संघ अपनी मांगो को लेकर पिछले काफी समय से संघर्ष कर रहा है। लेकिन अभी तक सरकार ने उनकी मांगे पूरी नहीं की हैं। जिसकी वजह से रिटायर्ड कर्मचारी उत्पीडन का शिकार हो रहे हैं।

■ प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर लगाया रिटायर्ड कर्मचारियों की अनदेखी करने का आरोप



यमुनानगर के दशहरा ग्राउंड में मांगो को लेकर प्रदर्शन करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ये हैं मांगें

उन्होंने सरकार से पेंशनर्स को 65 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत व 70 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत बेसिक पेंशन में वृद्धि दिए जाने, मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये मासिक व कैशलेस उपचार की सुविधा दिए जाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल किए जाने, कॉम्यूटेशन की कटौती 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष किए जाने, वरिष्ठ नागरिकों को बसों व हवाई यात्रा में पहले की तरह किराया में रियायत दिए जाने, बिजली संशोधन बिल 2023 रद्द किए जाने, निजीकरण पर रोक लगाए जाने आदि की मांग की।

# पुलिस के तीन अधिकारियों के खिलाफ वारंट जारी

## कोर्ट ने तीनों आरोपी अफसरों को कोर्ट में पेश करने के लिए एसपी को आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला कोर्ट ने शुक्रवार को तीन पुलिस अधिकारियों सब इंस्पेक्टर विनोद व संदीप व सहायक सब इंपेक्टर जगमेंद्र के वारंट जारी करते हुए पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत को आदेश किए है वे तीनों पुलिस अधिकारियों को कोर्ट में पेश करें। वहीं कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि तीनों पुलिस कर्मियों को दो बार समन और जमानती वारंट जारी किए जा चुके हैं, इसके बावजूद भी तीनों कोर्ट में पेश नहीं हुए। इधर, तीनों पुलिस अधिकारियों ने पेश न होकर अपना लिखित जवाब कोर्ट में दाखिल करवाया है। जोकि पेशी होने की सूरत में मान्य नहीं है। कोर्ट ने इस केस की सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तारिख तय की है। वही, तीनों पुसिल अफसर कोर्ट में पेश हो इसके लिए एसपी शेखावत को भी कोर्ट ने आदेश दिए हैं।

■ दो पुलिस कर्मियों के साथ छेडखानी करने के केस में महिला पुलिस अफसर के जाली हस्ताक्षर करने का मामला

स्मरणीय है कि सब इंपेक्टर विनोद व संदीप और एएसआई जगमेंद्र ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश सिंघल की कोर्ट में अपील की थी कि उनका जो मामला निचली अदालत में चल रहा है, कोर्ट उस पर रोक लगाए। साथ ही निचली अदालत के आदेशों को भी चुनौती दी थी। वही, एएसजे नरेश सिंघल की कोर्ट ने उनकी इस अपील को खारिज कर दी थी।

### यह है मामला

17 जून सन 2023 को सेक्टर 13-17 थाना में कानूनी सलाहकार डॉ. प्रदीप कुमार, एडवोकेट सुनीता कश्यप और उनके पति सतपाल कश्यप के खिलाफ दो महिला पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया गया था। कानून के मुताबिक महिला से छेड़छाड़ के मामले में जांच अधिकारी महिला पुलिसकर्मी को बनाया जाना चाहिए था। मगर पुलिस ने इस केस की जांच एक पुरुष सहायक सब इंपेक्टर को सौंप दी थी। वही, तीनों ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ली। चार जुलाई को पुलिस ने हालात मुकदमा कोर्ट में पेश किया था। जिस पर महिला जांच अधिकारी एएसआई सुरेश कुमारी के हस्ताक्षर थे। दूसरी ओर, डॉ. प्रदीप कुमार को थाना में ही तैनात एक पुलिसकर्मी ने बताया कि महिला जांच अधिकारी सुरेश कुमारी ने इस केस में किसी भी तरह की कोई भी कार्रवाई, हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसमें हालात मुकदमा, नक्शा नजरी, 161 सीआरपीसी, प्रथम जीवनी व अन्य सभी दस्तावेजों पर सुरेश कुमारी के जाली हस्ताक्षर किए गए हैं। वही, सभी सबूत जुटाने के बाद इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई। जिसकी जांच 110 दिन तक चली। 21 नवंबर सन 2022 को एएसआई सुरेश कुमारी को शामिल जांच किया गया। सुरेश कुमारी ने इस पूरे फर्जीवाड़े को उजागर करते हुए हस्ताक्षर खुद के होने से मना कर दिया। इधर, डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि एएसआई सुरेश कुमारी ने अदालत में इन सभी के खिलाफ बयान दिए हैं। जिसमें उन्होंने अदालत में मान लिया कि तत्कालीन थाना प्रभारी दीपक कुमार व एक उनसे पहले रहे इंचार्ज ने यह न्यायालय में उसके जाली हस्ताक्षर कर अंतिम चालान रिपोर्ट पेश की है। इधर, इंस्पेक्टर दीपक कुमार न्यायालय में पेश नहीं हुए तो उनकी सैलरी अटैच करने की याचिका लगाई गई। जिसके बाद कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किए थे।

# जर्मनी के सांसद राहुल कांबोज का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव अलाहर में शुक्रवार को जर्मनी के सांसद राहुल कांबोज का समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अमित कांबोज बुबका व राजीव आर्य सन्नी ने कहा कि समाज के होनहार व्यक्ति विदेशों में उच्च पदों पर आसीन होकर देश व समाज का नाम रोशन कर रहे है। सांसद राहुल कांबोज के बड़े भाई भी जर्मनी में सांसद के पद पर आसीन रह चुके है। वहीं सांसद राहुल कांबोज के पिता राजकुमार का भी समाजसेवा के क्षेत्र में काफी नाम है। वह चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में आगे रहे हैं। सांसद राहुल कांबोज ने कहा कि अलाहर उनका अपना गांव है। वह रादौर या अन्य क्षेत्र में हर जरूरतमंद की सहायता करने को लेकर हर समय तैयार रहते हैं।

■ गांव अलाहर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



यमुनानगर के गांव अलाहर में जर्मनी के सांसद राहुल कांबोज का स्वागत करते समाज के लोग।

# नकाबपोश बदमाशों ने ठेकेदार पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दीप नगर में वीरवार देर रात साढे.दस बजे तीन नकाबपोश बदमाशों ने ठेकेदार से चाकू व पिस्टल की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पहले से रैकी कर रहे बदमाशों ने बाइक को दूसरी गली में खड़ा किया और खाली प्लाट से होते हुए ठेकेदार अनमोल सैनी की कार तक पहुंचे। कार से उतरने लगा तो बदमाशों ने उसे दोबारा ड्राइवर सीट पर बैठा दिया। पहले तो चाकू से एक बाजू व छाती पर हमला किया और फिर पिस्टल दिखाते हुए हाथ से 16 तोले का ब्रेसलेट व सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए। यह पूरी वारदात गली में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घायल ने परिजनों और पुलिस को सूचित किया। महेश नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।घायल अनमोल ने बताया कि वह बिजली का ठेकेदार है। उसका खुड्डा के पास कार्यालय है। वह वीरवार को कार्यालय से वापस अपने घर जा रहा था। घर से कुछ ही दूरी पर गाड़ी खड़ी करने के बाद वह फोन पर बात कर रहा था। जैसे ही उतरने लगा तो खाली प्लाट से आए बदमाशों ने हमला कर दिया।

■ लूट की वारदात को दिया अंजाम

■ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

## सम्मान

### कुवि कुलपति ने केयू एलुमनी व पद्मश्री महावीर गुड्डू को किया सम्मानित

# संस्कृति एवं लोक कलाओं को संजोने में कलाकारों का अमूल्य योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में शुक्रवार को कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने केयू एलुमनी व पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हरियाणा के प्रतिष्ठित लोक गायक कलाकार महावीर गुड्डू को सम्मानित करते हुए कहा कि संस्कृति एवं लोक कलाओं को संजोने में कलाकारों का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि पद्मश्री महावीर गुड्डू ने भारत ही नहीं अपितु विश्व भर में हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कला का परचम लहराकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा राज्य को भी गौरवान्वित किया है। वही हरियाणा कला परिषद में भी लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान किया गया। हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कला के क्षेत्र में पहला पद्मश्री पुरस्कार आना समस्त कलाकारों के लिए गौरव की बात है। गौरतलब है कि हरियाणवी संस्कृति के वाहक महावीर गुड्डू को पद्मश्री अवार्ड 22 अप्रैल 2024 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित अलंकरण समारोह में भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया गया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कला के क्षेत्र में पहला पद्मश्री पुरस्कार आना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व समस्त संस्कृति एवं लोक कलाकारों के लिए बडे.गौरव की बात है।



कुरुक्षेत्र। केयू एलुमनी व पद्मश्री महावीर गुड्डू को सम्मानित करते कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, युवा एवं सांस्कृति कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशक डॉ. गुरचरण सिंह, लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, चांद गुड्डू, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला व सांस्कृतिक पर्यवेक्षक डीवाईसीए डॉ. हरविन्द्र राणा मौजूद थे। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद के कार्यालय प्रभारी धर्मपाल, ललित कला समन्वयक सीमा काम्बोज, नीजी सहायक विशाल चोपड़ा, विकास शर्मा, सपना, देवीदत्त, राजेश कुमार, सहित कला परिषद के समस्त कर्मचारियों ने भी महावीर गुड्डू को बधाई दी।

### अवैध देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने ककड़ोनी मोड से गांव शेखपुरा निवासी अरुण को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार इएचसी कुलदीप सिंह ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि ककडोनी मोड के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उन्होंने टीम का गठन कर उक्त स्थान पर दबिश दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों मं घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शेखपुरा निवासी अरूण के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बिल्डिंग ब्रांच का क्लर्क सस्पेंड, निगम कमिश्नर ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की अवमानना के मामले में नोटिस जारी अब नगर निगम कमिश्नर संगीता तेतरवाल ने क्लर्क आशीष कुमार को सस्पेंड कर दिया। हाईकोर्ट ने निगम कमिश्नर संगीता तेतरवाल पर 10 हजार जुर्माना लगाया है। साथ ही उसके जमानती वारंट भी जारी किए हैं। सस्पेंड किया गया क्लर्क बिल्डिंग ब्रांच में तैनात है। कमिश्नर ने बाकायदा ऑफिस ऑर्डर निकालकर क्लर्क का हेडक्वार्टर अंबाला नगर निगम बनाया है। उन्होंने अपने ऑर्डर में चार्जशीट बाद में देने की बात कही है।पालिका विहार में 616 वर्ग गज भूमि पर निर्माण को लेकर नरेंद्रपाल मल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि नगर निगम उन्हें जमीन पर निर्माण नहीं करने दे रहा, जबकि इस प्रॉपर्टी की उन्हें एनओसी मिली हुई है और नक्शा भी पास है। जब भी निर्माण करते हैं तो उनके निर्माण को तुड़वा दिया जाता है। इसके बाद हाईकोर्ट ने कमिश्नर को नरेंद्रपाल मल की सुनवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन निगम ने मल की सुनवाई नहीं की तो हाईकोर्ट में अवमानना की याचिका दायर की थी, लेकिन नोटिस के बाद भी निगम की तरफ से कोई कोर्ट में पेश नहीं हुआ। नरेंद्र पाल जिस जमीन पर निर्माण को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे हैं, उस निर्माण पर पालिका विहार एसोसिएशन विरोध जताती रही है। एसोसिएशन का कहना था कि यह वह जमीन पार्क की है इसलिए जब भी वहां निर्माण की शुरुआत की जाती, एसो. विरोध में खड़ी हो जाती थी।

■ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की अवमानना के बाद कमिश्नर ने दिए कार्रवाई के आदेश

## खबर संक्षेप

### निगदू में मनाया गया वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे

**निगदू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगदू में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया गया। जिसके तहत ओपीडी में आए सभी मरीजों का बीपी चेक किया गया। जिन मरीजों का बीपी बढ़ा हुआ पाया गया उन सबको हाइपरटेंशन के बारे में जानकारी दी गई व कौन सी दवाई देनी है और क्या परहेज करना है सभी को बताया गया। उन सभी का एनसीडी पोर्टल पर भी जानकारी चढ़ाई गई। इस मौके पर डॉक्टर राजेश चौधरी एसमओ, डॉक्टर अनीशा,डॉक्टर नीरज ,डॉक्टर गौरव डेंटल सर्जन उपस्थित रहे।

### स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी : कश्मीरी

**कुरुक्षेत्र।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व अखिल भारतीय तकनीकी संस्थान नई दिल्ली के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान के विश्वेश्वरैया सदन में गुरुवार को ह्यलोकमत परिष्कार और आत्मनिर्भर युवा विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रभुसत्ता स्थापित करने के लोकतंत्र को मजबूत बनाना अनिवार्य है तथा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए पूर्ण मतदान जरूरी है।

### गांव हथीरा में पीएनबी की ओर से कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) के निदेशक राय सिंह ने कहा कि पीएनबी आरसेटी द्वारा 7 मई से 27 मई 2024 तक जिले के सभी ब्लॉकों में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में विभिन्न गांवों का दौरा करके युवाओं को जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि थानेसर ब्लॉक के गांव हथीरा में 18 मई को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### मतदान के हक से नहीं रहेगा कोई वंचित

**पिहोवा।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इस अधिकार से कोई भी वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी इंतजाम किए गए हैं। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि सभी नागरिकों द्वारा मतदान किया जाए, इसके लिए 85 साल की आयु से अधिक मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनके घर द्वार पर मतदान करने की सुविधा पंहुचाई जा रही है।

### कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक कर रहा डीएलएसए

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा जागरूकता कैंप चलाए जा रहे है। जिसके तहत पैनल अधिवक्ता रजत सैनी और पीएलवी तनुज कुमार द्वारा लोगों को कुष्ठ रोग और जीवन बचाने में प्रथम मुखबिर द्वारा निभाई जा सकने वाली भूमिका के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत गांव जालखेडी.और जलालुद्दीन माजरा में लोगों को जागरूक किया गया। अधिवक्ता द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि कुष्ठ रोग एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है।

---

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

# उच्च रक्तचाप पर कंट्रोल के लिए अपनी जीवनशैली बदलें

- आयुष विभाग ने किया योग और प्राणायाम सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तरावड़ी में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। इसके साथ आयुष विभाग द्वारा प्रतिनियुक्त योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में योग और प्राणायाम सत्र भी आयोजित किया गया।

इसका आयोजन हृदय, किडनी और मस्तिष्क को प्रभावित करने वाली कई जटिलताओं के लिए जिम्मेदार उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर, इसके जोखिम कारकों धूम्रपान और शराब, लक्षण और उपचार विकल्पों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए किया गया था। जीवनशैली में इन बदलावों के साथ दैनिक जीवन में योग-आसन, सूर्य-नमस्कार और प्राणायाम जैसे उच्च रक्तचाप के लिए चंद्रभेदी, अनुलोम-विलोम को अपनाने से इसे रोका जा सकता है।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते डा. कैलाश गर्ग, योग प्रशिक्षक व स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

योग प्रशिक्षक ने बताया कि अपने शरीर को फिट रखने के लिये अधिक सब्जियां और फल खाएं, कम बैठें, अधिक शारीरिक रूप से सक्रिय रहें, जिसमें चलना, दौडऩा, तैरना, नृत्य करना या वजन उठाने जैसी ताकत बढ़ाने वाली गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं। प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाली एरोबिक गतिविधि या प्रति सप्ताह 75 मिनट जोरदार एरोबिक गतिविधि करें। प्रत्येक सप्ताह 2 या अधिक दिन शक्ति बढ़ाने वाले व्यायाम करें। यदि आपका वजन अधिक है या आप मोटापे से ग्रस्त हैं तो वजन कम करें। अपने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर द्वारा बताई गई दवाएं लें। योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में ही योग करें।

#### ऐसा न करें

बहुत अधिक नमकीन खाना प्रति दिन 2 ग्राम से कम रहने का प्रयास करें, संतृप्त या ट्रांस वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ खाना, धूम्रपान करना या तम्बाकू का सेवन करना।

---

### रिश्वत देने पर प्रत्याशी पर होगा केस : शांतनु

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से नकदी ले जाकर उसका प्रयोग चुनाव में मतदाताओं अथवा किसी अन्य व्यक्ति को रिश्वत या प्रलोभन के उद्देश्य से करता है तो इस धनराशि को संबंधित प्रत्याशी के चुनावी खर्च के खाते में जोड़ने के साथ-साथ उस पर आपराधिक मुकदमा भी दर्ज करवाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने सहायक खर्च पर्यवेक्षक, फ्लाइंग स्क्वायड टीमों, स्टेटिक सर्विलांस टीमों, वीडियो सर्विलांस टीमों, वीडियो व्यूविंग टीमों, अकाउंटिंग टीमों, एमसीएमसी तथा एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग सैल के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी आदर्श आचार संहिता की पालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। यदि धनराशि का इस्तेमाल चुनाव को प्रभावित करने के लिए होता पाया जाता है तो धनराशि प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जोडकर संबंधित के खिलाफ आपराधिक मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। बैंक टीम भी धनराशि को ले जाते समय आरबीआई द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगी। इस कार्य पर स्टेटिक सर्विलांस टीमें व फ्लाइंग स्क्वायड टीमें निरंतर नजर रखेंगी। चुनाव के दौरान होने वाली प्रत्येक मीटिंग, रैली व जनसभा की वीडियोग्राफी वीडियो सर्विलांस टीमों के माध्यम से करवाई जा रही है।

---

# प्रतियोगिताओं से मतदान के प्रति कर रहे जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की ओर से बड़े स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन 13 मई से किया जा रहा है और यह अभियान 23 मई तक जारी रहेगा। इन गतिविधियों के तहत 25 मई को होने वाले लोकसभा के आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल व जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा के प्रयासों से मतदाता जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, निबंध, मेंहदी व रंगोली, रघु नाटिका, सेमिनार, संकल्प पत्र, शपथ, जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार से है।

#### मेहंदी और रंगोली स्पर्धा के ये रहे परिणाम

मेंहदी प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की प्राची प्रथम, कक्षा नौंवी की नैना द्वितीय तथा कक्षा नौंवी की मानसी व नन्दिनी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार से रंगोली प्रतियोगिता में नौंवी कक्षा की नैंसी व अंशु प्रथम, सोनिया व महक द्वितीय तथा मनसी व ज्योति तृतीय स्थान पर रही।

---

# लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया

- स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ कमेटी ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लोकतंत्र देश के लिए एक राष्ट्रीय महापर्व है इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की ओर से चुनावों में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग हो व एक अच्छा उम्मीदवार और एक अच्छी सरकार का गठन हो, इसके लिए जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये प्रेम नगर, कृष्णा नगर, न्यू प्रेम नगर व राम नगर में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। ई-रिक्शा पर माइक से बोलकर यह विस्तार से बताया गया कि मतदान क्यों करें। सभी सदस्य हाथों में स्लोगन लेकर चल रहे थे। वाइज़ चेयरमैन डी. एन. अरोड़ा व के. एल. वीरमानी, ने कहा कि मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सीजीसी यह अभियान चला रही है।



प्रकल्प प्रमुख चेयरपर्सन अंजु शर्मा ने कहा कि यह अभियान 23 मई तक जारी रखा जाएगा। इस मौके पर संरक्षक प्रमोद गुप्ता, प्रकल्प प्रमुख संदीप लाठर, वाइज़-चेयरमैन डी एन अरोड़ा, के एल वीरमानी, उपभोक्ता संरक्षण उपसमिति के प्रधान एडवोकेट नरेंद्र सुखन्न, सचिव पारस अरोड़ा, शिक्षा सुधार उपसमिति के प्रधान डॉ एस के गोयल, सडक़ सुरक्षा एंव नगर स्वच्छता उपसमिति के सलाहकार रमेश कपूर, एडवोकेट प्रदीप चीमा, मनोहर कृष्ण डुडेजा, अशोक मेहता एंव सतीश मल्होत्रा आदि ने जागरूकता अभियान में सहयोग किया।

---

# स्कूली बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में स्कूल की प्रधानाचार्य वंदना चावला की अध्यक्षता में रेड क्रॉस करनाल व हरियाली युवा संगठन के सहयोग से सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी व जगदीप कटारिया ने मुख्य रूप से शिरकत की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रवि कुमार यातायात निरीक्षक सेक्टर 7 ट्रैफिक पार्क करनाल द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि ड्राइविंग या वाहन का उपयोग करते समय प्रत्येक व्यक्ति को निर्देश और नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने वीडियो के माध्यम से सडक़ पर हो रहे हादसों की जानकारी प्रदान कर कुछ आंकड़े दिखाए जो सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर हादसों में बदल गए। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को आह्वान किया कि वे वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें। वाहन चलाते समय जैसे हेलमेट पहनना और गति सीमा पर अंकुश रखना। कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए और गति सीमा का पालन करना चाहिए।



इंद्री। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते यातायात निरीक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

जेआरसी काउंसलर हिन्दी प्राध्यापक सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने बताया कि सडक़ सुरक्षा पिछले कुछ वर्षों से वैश्विक स्तर पर भी एक बड़ा मुद्दा रहा है। देश-दुनिया में हर साल वाहनों और यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाले हादसों की संख्या काफी चिंताजनक है। राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी ने कहा कि सडक़ों पर दुर्घटना का शिकार होने से बचने के लिए लोगों को उनकी सुरक्षा के लिए बनाए गए सडक़ सुरक्षा नियमों व कानूनों का पालन जरूर करना चाहिए। माता-पिता को भी अपने बच्चों को बहुत कम उम्र से ही सडक़ सुरक्षा के बारे में सिखाना चाहिए ताकि वे हमेशा सुरक्षित यात्रा कर सकें और दूसरों को भी सडक़ सुरक्षा नियमों से अवगत करा सकें।

---

### आज से होगा भगवान पक्षीराज का स्थापना दिवस समारोह

**पिहोवा।** मॉडल टाउन स्थित श्री दक्षिणा काली पीठ मंदिर परिसर में भगवान शिव के छठे शरभ अवतार आकाश भैरव पक्षीराज प्रकटोत्सव एवं स्थापना दिवस समारोह बड़ी श्रद्धा व निष्ठापूर्वक मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के व्यवस्थापक स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं श्री दक्षिणा काली पीठ के संस्थापक महंत बंसी पुरी के सानिध्य में मनाया जाने वाला यह भव्य महोत्सव संतो के प्रवचन, जनकल्याण व विश्व शांति हेतु जप, अनुष्ठान, यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि 18 से 21 मई तक चार दिवसीय यह धार्मिक कार्यक्रम श्री दक्षिणा काली पीठ संचालन समिति के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम में उच्च कोटि के संत महात्मा, गणमान्यजन व भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। महंत बंसी पुरी ने भगवान शरभ पक्षीराज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शरभ भगवान शिव का उग्र, प्रचंड एवं गुप्त रूप है।

---

# ब्रह्मसरोवर पर योग का महाकुंभ 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान के प्रधान देसराज ने हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 की तैयारी में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं उनके द्वारा अधिकृत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली, द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन जागरण के उद्देश्य से मंत्रालय द्वारा चयनित 100 संस्थाओं के सहयोग से 100 पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण चयनित धरोहर स्थलों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व से प्रतिदिन एक योग उत्सव आयोजित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 33वें दिन शेष रविवार, 19 मई 2024 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर धरोहर स्थल पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में यह उत्सव आयोजित करने का सौभाग्य भारतीय योग संस्थान को प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों के अतिरिक्त स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व महानुभावों को निमंत्रण भेजा गया है।



भारतीय योग संस्थान के राष्ट्रीय प्रधान देसराज। *फोटो : हरिभूमि*

---

### हार्ट अटैक की वजह हाइपरटेंशन : संजय

**कुरुक्षेत्र।** डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीसपेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर दीप पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टाटकी में जागरूक कैंप का आयोजन किया गया। डॉ संजय शर्मा बी.ए.एम.एस, आयुर्वेद विशेषज्ञ ने कहा कि 46% लोगों को अपने बढ़े हुए ब्लड प्रेशर कि जानकारी नहीं हो पाती जिसके कारण इसको साइलेंट किलर के नाम से जाना जाता है। उच्च रक्तचाप के लक्षण, कारण उपचार व सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सिर दर्द, चक्कर आना, नजर कमजोर, थकान का अनुभव होना, छाती में दर्द, नाक में खून आना लक्षण देखने को मिलते है। असंतुलित आहार नमक का अधिक सेवन,जंग फूड तली भुनी हुई चीजों का अधिक सेवन, शराब, धूम्रपान, तनाव, मोटापा, शारीरिक गतिविधियों में कमी इन सब कारणों से ब्लड प्रेशर बढ़ता है इन्हीं कारणों को ठीक करने से बढ़ा हुआ उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है।

---

# शहीदों के सपनों का भारत बनाना हर देशवासी की जिम्मेदारी : नायब सैनी

- टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे देश 1947 में आजाद हुआ था लेकिन जिन शहीदों की बदौलत हमारे देश को आजादी मिली उन्हें पूर्व की सरकारों ने याद नहीं किया। जब हमारे देश को आजाद हुए 75 वर्ष हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि अब जब हम अपने देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएं उस समय हमारा देश उन शहीदों का भारत होना चाहिए जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर किया। उनके सपनों का भारत बनाना हर देशवासी की जिम्मेदारी है।




करनाल। टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते अधिवक्ता।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को कर बार एसोसिएशन द्वारा करनाल क्लब में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, प्रवेश शर्मा, विजय सेतिया सहित अन्य मौजूद रहे।

---

### भगवान परशुराम कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# सबकी भागीदारी से होगा लोकतंत्र मजबूत: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र में मेरा पहला वोट, देश के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. वैशाली शर्मा, आईएएस, अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रशासक भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र रहीं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने बताया कि हमारे महाविद्यालय के नोडल अधिकारी चुनाव, स्पोर्टस, एनएसएस, एनसीसी और समाज कार्य के विद्यार्थियों ने न केवल आसपास के शहरी क्षेत्र अपितु आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा मुख्यातिथि के रूप में आई है यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर डॉ. वैशाली शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सबकी भागीदारी ही लोकतंत्र को मजबूत करती है। हमें ना केवल स्वयं मतदान करना है बल्कि परिवार और आसपास के सभी मतदाताओं को भी जागरूक करना है।




उन्होंने सेल्फी प्वाईंट पर विद्यार्थियों के साथ सेल्फी ली और सिग्नेचर चार्ट पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए अपने हस्ताक्षर दर्ज किए जिससे कि विद्यार्थी मतदान जागरूकता अभियान की सेल्फी ले सकें। उन्होंने कॉलेज प्राचार्य को भी बधाई दी कि यह महाविद्यालय प्रशासन के साथ हर गतिविधि में उत्साह के साथ भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने कैसल मॉल में हुए मतदाता जागरूकता अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि वह कार्यक्रम बड़ा ही सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो. कर्मजीत सिंह ने किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नोडल अधिकारी चुनाव डॉ. सुभाष शर्मा, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. नीरज वशिष्ठ, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सुरेश पाराशर, डॉ. नंद किशोर, डॉ. सौरभ त्रिखा, डॉ. सतीश कुमार, एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. रमा शर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा एवं युवा शिक्षक तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

---

# जांच शिविर में 124 मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में मधुमेह जांच शिविर लगाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में प्रधान आशुतोष गर्ग उपस्थित रहे, जबकि प्रोजेक्ट चैयरमेन की भूमिका डॉ. दीपक शर्मा ने निभाई। प्रधान आशुतोष गर्ग ने बताया कि इस शिविर में 124 मरीजों ने निशुल्क जांच करवाई। शिविर में माइक्रो लैब्स लिमिटेड, सिपला और डॉ. रेड्डी कंपनी लिमिटेड के सदस्यों ने मरीजों के एचबीए-1-सी, रेटिनोपैथी, न्यूरोपैथी, नेफ्रोपैथी, ईसीजी जैसे सभी टेस्ट निशुल्क किए गए। डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि यह सभी टेस्ट बाजार में तकरीबन 6500/- रूपए के होते है, जिन्हें आज शिविर में रोटरी क्लब, शाहाबाद, माइक्रो लैब्स लिमिटेड , सिपला और डॉ. रेड्डी कम्पनी लिमिटेड के सहयोग से निशुल्क किया गया है। उन्होंने बताया किया कि इन सभी टेस्टों की रिपोर्ट्स के बाद लाभ लेने वाले सभी मरीजों को इन दिक्कतों के बारे में सजग किया गया और आगे के इलाज के बारे में बताया गया।




---

### रिसर्च स्कॉलर ने ओपन डे 2024 में पाया दूसरा स्थान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग के रिसर्च स्कॉलर सुनील कुमार ने सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र इनफ्लिबनेट, गांधीनगर (गुजरात) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ओपन डे 2024 कार्यक्रम में दूसरा स्थान हासिल किया। इनफ्लिबनेट के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 16 मई को आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे भारत के प्रतिभागियों को अकादमिक समुदाय के उपयोग के लिए नई प्रणालियों और प्लेटफार्मों पर अभिनव विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

**सूचना**

मैं, माया देवी विधवा श्री मुरता राम निवासी गांव तखाना तहसील नीलोखेड़ी जिला करनाल बयान करती हूं कि मैंने 10-12 साल पहले अपने पुत्र जय सिंह पुत्र श्री मुरता राम को दिमागी तौर से बीमार होने के कारण और घर वालों के साथ मारपीट करने के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। लेकिन अब मेरा पुत्र मेरी व मेरे परिवार की अच्छी तरह से देखभाल करता है। अब मैंनें कुछ भूमि वाक्या गांव तखाना व वसीयतनामा अपने पुत्र के नाम करवा दिया है अतः मेरे द्वारा दी गई बेदखली अब रद्द की जाए।

## खबर संक्षेप



पानीपत। पाइट के नौकरियों में चयनित विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

### कॉलेज में छात्रों ने जश्न मनाया

**पानीपत।** पाइट एनसीआर कॉलेज के 18 विद्यार्थियों की विभिन्न कंपनियों में नियुक्ति हो गई। कॉलेज में छात्रों ने जश्न मनाया। कॉलेज मैनेजमेंट ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। सचिव सुरेश तायल व वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि टाटा, वेव टैक्स, रिवेरा, एंब्रेन इंडिया, एकेडमोर, साहिब इंटरनेशनल में छात्र-छात्राओं की प्लेसमेंट हुई है। छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए कॉलेज में समय-समय पर इंडस्ट्री आधारित ट्रेनिंग कराई जाती है। छात्रों को इंडस्ट्री ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है। इससे पढ़ाई करते हुए ही स्टूडेंट्स की समझ विकसित हो जाती है। कंपनी में तुरंत जॉब मिल जाती है। छात्रों का कॉलेज में स्वागत किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज, डॉ.श्वेता सरोहा, पारुल मिश्रा, डॉ.मीनाक्षी, प्लेसमेंट कोर्डिनेटर सौरभव मौजूद रहे।

### युवकों को वकील के मुंशी को पीटा

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कलां निवासी अंकुश को उसके गांव के युवकों ने जमकर पीटा। पानीपत सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में अंकुश ने बताया कि वह, एडवोकेट सोनू छोक्कर का मुंशी है और साहिल ने अपने साथियों के साथ मिल कर उसके साथ मारपीट की है।



पानीपत। योगासन का अभ्यास करते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### योग करने से शरीर रहता है निरोग : डॉ. संजय

**पानीपत।** हरियाणा आयोग आयोग के चेयरमैन डॉ.जयदीप आर्य और महानिदेशक आयुष विभाग अंशज सिंह के निर्देशानुसार व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. संजय राजपाल के मार्गदर्शन में जिला के अनेक गांवों, सरकारी स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों और व्यायामशालाओं में दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी हेतु योग अभ्यास योग सहायकों द्वारा करवाया जा रहा है। डा.संजय राजपाल ने बताया कि इस वर्ष दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा जिसकी तैयारीयों के लिए 75 दिवस पूर्व से योग अभ्यास करवाना शुरू कर दिया गया था । इस कार्य में जिले के सभी योग सहायक लोगों को योग कक्षाओं एवं कैंपों के माध्यम से योग प्रोटोकॉल बारे जागरूक कर रहे हैं। निरंतर रखते हुए आयुष योग सहायक रविंद्र नरवाल व मीनाक्षी नैन, प्रवीन जांगड़ा व प्रदीप कुमार ने खंड मडलौडा के श्रीराम गार्डन में योग अभ्यास में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में करवाए जाने वाले योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया।

## मौके पर ही हैंडस ऑन ट्रेनिंग दी गई

# समालखा व इसराना के पीठासीन अधिकारियों को चुनाव की ट्रेनिंग दी



पानीपत। लोकसभा चुनाव की ट्रेनिंग लेते हुए अधिकारी, कर्मचारी आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- चुनाव को पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करवाना हम सबका दायित्व

लोकसभा आम चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाने के लिए शुक्रवार को आर्य शिक्षण संस्थान के परिसर में इसराना व समालखा विधानसभा के पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वही, समालखा विधानसभा के लिए एआरओ एवं एसडीएम अमित कुमार ने पीओ और एपीओ को ईवीएम व वीवीपेट मशीनों के संचालन के बारे में समझाया और मौके पर ही हैण्डस ऑन ट्रेनिंग भी दी गई। अमित कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ मतदान सम्पन्न करवाने के लिए यह आवश्यक है कि मतदान से पूर्व की भी तैयारियों और व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया जाए। एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी अपनी डायरी को भरने से पहले सभी प्रश्नों का उत्तर धैर्यपूर्वक एवं सोच-समझकर भरें। यह एक जिम्मेदारी भरा कार्य है जिसमें कोई भी कोताही सहन नही की जाएगी। चुनाव को पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करवाना हम सबका दायित्व है। इसलिए चुनाव की सारी प्रक्रियाएं सुनिश्चित की जाए। जबकि इसराना विधानसभा की एआरओ एवं एसडीएम ज्योति मित्तल ने कहा कि भय मुक्त चुनाव करवाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। विस्तृत जानकारी देते हुए पीठासीन अधिकारियों के दायित्व, कर्तव्य, ईवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट, मतदान सामग्री एवं मतदान समाप्ति के बाद किए जाने वाले कार्यो के बारे में विस्तार से समझाया। ज्योति मित्तल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें। अगर किसी को भी चुनाव से सम्बंधित कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो वह 1950 टोल फ्री नम्बर पर सूचना प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा, निर्वाचन विभाग की नायब तहसीलदार सुदेश राणा भी उपस्थित रही।



पानीपत। जिला सचिवालय में बनाया गया सैल्फी प्वाइंट। फोटो : हरिभूमि

### पानीपत में मतदान का लक्ष्य 70 प्रतिशत तय किया

**पानीपत।** लोकसभा के आम चुनाव को शांतिपूर्ण व स्वंतत्र रूप से कराने को लेकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया के दिशा निर्देश पर पूरे जिले में चुनाव का पर्व ,देश का गर्व के सलोग्न के साथ ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने को लेकर औद्योगिक क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सर्वाजनिक स्थान सामान्य अस्पताल, स्कूल, कॉलेज परिसर, मंदिर, मस्जिद के अलावा अनेक स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान उत्साह,उमंग व हौसले के साथ चलाया जा रहा है जो निरंतर आगे बढ़ रहा है। अनेक स्थानों पर सैल्फी प्वाइंट निर्मित किए गए है ताकि 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत 12 अक्टूबर 2023 से हुई थी व इसे 24 मई तक पूरे जिले में निरंतर चलाया जाएगा। इस मुहीम के तहत अब तक बड़ा हिस्सा कवर किया जा चुका है। 70 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ रहे है व उम्मीद करते है कि इस मुहीम में हम सफलता के चरम को छुऐंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील कर नागरिकों से अनुरोध किया कि वे इस मुहीम का हिस्सा बने व इसे सफल बनाए। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज यादव ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पूरे जिले में रैलियां, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, मेंहदी प्रतियोगिता को लेकर भव्य आयोजन किए जा रहे है।



पानीपत। एडीसी डॉक्टर पंकज यादव प्रो रेसलिंग लीग जूनियर के लिए चयनित हुए खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## आत्म विश्वास के बल पर ही आगे बढ़ेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- प्रो . रेसलिंग लीग जूनियर के लिए चयनित हुए फैला उजीयारा फाउंडेशन बुआना लाखु के पांच खिलाड़ी

अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज यादव ने प्रो. रेसलिंग लीग जूनियर के लिए चयननित हुए फैला उजीयारा फाउंडेशन बुआना लाखु के पांच खिलाड़ियों का शुक्रवार को अपने कार्यालय में शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वो खिलाड़ी ही बुलंदियों को छूते है जो आत्मविश्वास से परिपूर्ण होते हैं। जीत का लक्ष्य लेकर मेहनत करते हैं व निश्चय करके आगे बढ़ते है। इस मौके पर फाउंडेशन की प्रदेशा अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक, चीफ कोच नरेंद्र मलिक, आकाश मलिक व पहलवानो के परिजन मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वे खिलाडियों की हर संभव मदद करते हैं। उन्हें अच्छा लगा कि नन्हे नन्हे बच्चे कुश्ती में बुलंदियों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। देहात का यह खेल बच्चों के संघर्ष, मेहनत का परिणाम है जो आज उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक लेकर गया है। उन्होंने बच्चों की कामयाबी के लिए उन्हें बधाई दी व उनका हौसला बढ़ाया। स्मरणीय है कि पहलवान सिकंदर ने 57 किलो में प्रथम स्थान हासिल किया। जिसको पेस इंटरनेशनल ने स्पॉन्सर किया और मौके पर ही कीट प्रदान की। इसके अलावा नितिन 40 किलो, यश 40 किलो, नमन 45 किलो, शुभम 77 किलो इन खिलाडियों, टॉप 8 में जगह पक्की करके अगले महीने होने वाले जूनियर प्रो लीग के लिए सिलेक्शन पक्का किया।

### क्रिकेट का ट्रायल 20 को

**पानीपत।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तहत होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला पानीपत अंडर-16 क्रिकेट टीम का चयन सोमवार, 20 मई की सुबह आठ बजे विजन क्रिकेट ग्राउंड, बरसत रोड, गांव भैंसवाल, पानीपत में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी पानीपत जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जितेंद्र सिंह ने देते हुए बताया कि ट्रायल देने का इच्छक खिलाड़ी अपने जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित कॉपी लेकर आए।

## आईबी कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर माउंट आबू स्कूल के विद्यार्थियों ने आईबी पीजी महाविद्यालय के इतिहास विभाग के संग्रहालय का भ्रमण किया। इतिहास विभागध्यक्ष डा.रामेश्वर दास ने विद्यार्थियों को संग्रहालय दर्शन करवाया। उन्होने हड़प्पा कालीन पुरावशेषों, प्राचीन मुद्राओं, ऐतिहासिक स्थलों एवं हरियाणा के लोकजीवन व संस्कृति आदि पर बच्चों के साथ विस्तृत चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें संग्रहालय भ्रमण के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर माउंट आबू स्कूल के शिक्षकों दीपांशु, दर्शन सिंह, महिमा तथा नीरज ने महाविद्यालय का आभार प्रकट किया। वहीं महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ.किरण मदान, डॉ.नरवीर, खुशबू, डॉ.निर्मला, सोनिया वर्मा ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।



पानीपत। आईबी कालेज का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए माउंट आबू स्कूल के छात्र।

## हिम्मत सिंह को एचएसएससी का चेयरमैन बनाने पर खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- एक वकील साथी को बड़ी जिम्मेदारी मिलना गर्व

कैथल निवासी और रोड समाज से आने वाले एडवोकेट हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का चेयरमैन बनाऐ जाने से रोड समाज खासा उत्साहित नजर आ रहा है। समाज के लोग हरियाणा सरकार, मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद व्यक्त कर रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि रोड समाज के एक चेहरे का एचएसएससी का चेयरमैन बनने से करनाल व कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनावी हवा बीजेपी के पक्ष में जाती दिखाई देगी और धरातल पर इसका असर भी दिखने लगा है। पानीपत में जिला रोड समाज के प्रधान राम रत्न खैंची ने मुख्य मंत्री नायाब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की हिम्मत सिंह को एचएसएससी का चेयरमैन बनाने से रोड समाज में खुशी की लहर है रोड़ समाज मुख्य मंत्री नायाब सैनी व भाजपा नेतृत्व आभार व्यक्त करता है। वहीं रोड़ समाज के वकीलों ने भी एडवोकेट हिम्मत सिंह को चेयरमैन बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। वकीलों ने कहा कि एक वकील साथी को बड़ी जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। इसके लिए सभी वकील सरकार के आभारी हैं। यह बड़ी बात है कि एक वकील को इतने बड़े पद पर आसीन किया गया है।



पानीपत। एडवोकेट हिम्मत सिंह के एचएसएससी चेयरमैन बनने पर खुशी मनाते रोड़ समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

## मानवता के लिए खतरा है नशे की लतः डॉ. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- इतना ही नहीं नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का निशुल्क उपचार कराया जाता है

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से नियुक्त ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. वर्मा ने विद्यालय के 192 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधि अनुसार भारत में कोई भी व्यक्ति अफीम, भांग, गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी, नशीली गोलियां, नशीले टीके आदि न अपने पास रखेगा, न सेवन करेगा, न खरीदेगा और न बेचेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हरियाणा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन हो चुका है। इस ब्यूरो का एकमात्र उद्देश्य हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करना है। ब्यूरो और हरियाणा पुलिस नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों को प्रतिदिन सलाखों के पीछे भेजने का कार्य कर रही है। इतना ही नहीं नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का निशुल्क उपचार कराया जाता है। प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं। डॉ. अशोक कुमार ने विस्तारपूर्वक नशे के प्रवेश और निगमन बारे विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसकी संतान किसी भी प्रकार का नशा करे लेकिन नशे के तस्कर युवाओं को नशे का आदि बना रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह ऐसे दुष्ट लोगों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर देकर पुलिस का सहयोग करे।



पानीपत। नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए टीचर्स व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### धार्मिक संस्थाओं का आभार जताया

**पानीपत।** श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हुडा सेक्टर 25 स्थित श्री रघुनाथ धाम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें श्री हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत हुए सफल कार्यक्रम के लिए रमेश माटा, विकास गोयल, किशन रेवड़ी, सूरज दुरेजा, वेद बांगा, कैलाश नारंग, वेद पराशर, ब्रह्मर्षि श्रीनाथ जी महाराज, विधायक प्रमोद विज, पूर्व महापौर अवनीत कौर, स.भूपेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सोनी, मनोज मक्कड़, बलराम नंदवानी, राजेन्द्र खुराना, विजय सहगल, सतबीर गोयल, सुनील तुली, डा. रमेश चुघ, तिलक राज छाबड़ा, जसविन्द्र सिंह सग्गु, प्रीतम गुलाटी, पुरूषोत्तम शर्मा, श्याम सुन्दर बतरा, किशोर अरोड़ा, दीनानाथ, निरंजन पराशर, गजेन्द्र सलूजा, लीला कृष्ण भाटिया, युद्धवीर रेवड़ी, तरूण छोक्करा, धीरज बांगा, भारत अरोड़ा, संजय बरेजा व अमित तनेजा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। प्रयाग इंटरनेशल स्कूल में प्रसन्न मुद्रा में विद्यार्थीगण। फोटो : हरिभूमि

### प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में हुआ ऐडमेड शो

- विद्यालय के चारों सदनों एक्वा, अरिया, इग्निस और टेरा के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर इस शो में भाग लिया

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को ऐडमेड शो का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारों सदनों एक्वा, अरिया, इग्निस और टेरा के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर इस शो में भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टेरा सदन ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही, विद्यार्थियों ने ऐसी प्रस्तुतियां दी। जिनमें रचनात्मक अभिव्यक्ति का पुट था तथा कुछ नया करने का प्रयास था। इस अवसर पर विद्यालय की प्राधानाचार्य अंजू गुप्ता ने बताया कि छात्रों को इस प्रकार की गतिविधियां इसलिए करवाई जाती हैं ताकि भविष्य में वे अपने आप को दूसरों के सामने प्रभावी रूप से व्यक्त कर सकें। विद्यालय के वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा ने कहा कि वे विद्यार्थियों को इस प्रकार के मंच प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं जिससे उनका बहुमुखी विकास हो सके।

## पानीपत जिला जज ने थानों का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों में हडकंप मचा रहा

पानीपत जिला जज सुदेश कुमार ने शुक्रवार को पानीपत के कई थानों का औचक निरीक्षण किया। वहीं जिला जज सुदेश कुमार को थानों में आया देख पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों में हडकंप मचा रहा। शुक्रवार की सुबह जिला जज सुदेश कुमार की कार कोर्ट परिसर जाने के बजाए थाना सिटी परिसर में पहुंच गई। जिला जज सुदेश को आया देख थाना सिटी में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों में हडकंप मच गया। इधर, जिला जज सुदेश ने थाने में पहुंचते ही सबसे पहले मुंशी कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद थाने की विभिन्न विंगां को जांचा। इसके बाद उन्होंने तहसील कैंप, मॉडल टाउन, पुराना औद्योगिक थानों का निरीक्षण किया। थानों में निरीक्षण के दौरान जिला जज सुदेश कुमार ने मुख्य रूप से थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जांच में कैमरों की लोकेशन क्या है और उनकी कितने समय की रिकॉर्डिंग स्टोर है, कैमरों की गुणवत्ता जांची। जिला जज सुदेश ने सभी थानों की हवालात भी जांची और थानों का रिकार्ड भी जांचा। स्मरणीय है कि जिला जज सुदेश सीआईए टू थाने की जांच को गए थे। वहीं थाने के गेट पर जिला जज सुदेश को काफी देर तक रोका गया। वही, जिला जज सुरेद, पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर जांच के लिए सीआईए टू थाने गए थे। देरी से दरबाजा खोले जाने की शिकायत जिला जज सुदेश कुमार ने हाईकोर्ट व पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत को दी। एसपी अजीत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीआईए टू के प्रभारी सब इंपेक्टर सौरभ, सब इंपेक्टर जयवीर, मुंशी प्रवीण को पद से निलंबित कर दिया था। जबकि गेट के संतरी को पद मुक्त कर दिया था। वहीं संतरी पर केस दर्ज किया गया है।

### अस्थमा की चपेट में जल्द आ जाते है बच्चे व किशोरः डॉ .चुघ

**पानीपत।** अस्थमा एक ऐसी समस्या है जो एडल्ट आबादी के साथ ही बच्चों को भी प्रभावित करती है। इसी बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मैक्स मेड सेंटर पानीपत में मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग के डॉक्टरों ने एक अवेयरनेस सेशन आयोजित किया। मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग में पल्मोनोलॉजी एंड स्लीप मेडिसिन विभाग के सीनियर डायरेक्टर डा. इंद्र मोहन चुघ ने अस्थमा के इलाज में रोग के सही वक्त पर पता चलने और दवाओं की अहम भूमिका के बारे में बताया। डा. इंद्र मोहन चुघ ने कहा कि अस्थमा मुख्य रूप से 5 से 17 साल के बच्चों को अपनी चपेट में लेता है और ये समस्या अक्सर कम उम्र में शुरू होती है। अस्थमा के लक्षणों में घरघराहट, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकडन, बलगम आना, थकान, नींद सही न होना और गंभीर मामलों में कम ऑक्सीजन के कारण सायनोसिस भी हो जाता है।



डॉ इंद्र मोहन चुघ।

### पुलिस ने भगौड़ा पकड़ा

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस ने न्यायालय से पीओ घोषित अनुप उर्फ भूरा निवासी गांव बिरल जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी अनुप उर्फ भूरा को अक्तूबर 2017 में सीआईए थ्री पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया था। बेल पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी फरार हो गया था।

## हर बूथ पर एक सीवी, एक वीवीपैट और दो दो बैल्ट यूनिट होगे

# माइक्रो आब्जर्वर को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

लोकसभा के आम चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में माइक्रो आब्जर्वर को चुनाव के दौरान भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश पर ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया व उन्हें ईवीएम की बारिकियों से अवगत कराया गया। चुनाव प्रशिक्षण में निगम सयुंक्त आयुक्त मनी त्यागी ने बताया कि माइक्रो आब्जर्वर का मोकपोल के लिए समय पर पहुंचना अनिवार्य है। माइक्रो आब्जर्वर की डयूटी बनती है कि वे चुनाव के दौरान हर बारिक से बारिक गति विधियों पर निगरानी बरतेगें व जरूरत पड़ने पर तत्परता से इसकी सूचना सामान्य पर्यवेक्षक को देंगे। हर विधान सभा क्षेत्र में दो-दो पिंक बूथ होगें। जिन पर एक एक पीडब्लयूडी की डयूटी रहेंगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान हर बूथ पर एक सीवी, एक वीवीपैट और दो- दो बैल्ट यूनिट रखे जाएगें। इस बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की संख्या 19 है व 20वें नम्बर पर नोटा का बटन है। ज्यादा प्रत्याशी होने की स्थिति में आयोग ने बैल्ट यूनिट की संख्या में बढ़ोतरी की है। निगम आयुक्त ने बताया कि पोलिंग से एक दिन पूर्व अंतिम रिहर्सल होगी जिन अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई वे समय पर पहुंचे व ईवीएम की जानकारी लें। उन्होंने बताया कि फाइनल रिहर्सल वाले दिन बूथ के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में कुछ न कुछ नया होता है। हमें ईवीएम से जुड़ी जानकारी के बारे में किसी भी प्रकार की शंका नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ईवीएम हर चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे कोई भी जरूरी कार्य हो उसके बाद भी पुलिस की उपस्थिति में ईवीएम को अकेला न छोड़े। समय पर मतदान केन्द्र पर पहुंचे व मोकपोल का हिस्सा बने क्योंकि बगैर मोकपोल के चुनाव संभव नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को ईवीएम से जुड़ी शंकाओं का भी निदान किया। इस मौके पर निर्वाचन तहसीलदार सुदेश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पोलिंग वाले दिन पार्टियों के मतदान केन्द्र पर विशेष प्रबंध किए गए है। पानी से लेकर शौचालय तक की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने पोलिंग अधिकारियों को शुभ कामनाएं देते हुए जिम्मेदारी पूर्वक अपनी डयूटी निभाने की अपील की। इस मौके पर बीआरसी विक्रम सहरावत ने माइक्रो आब्जर्वर को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया व आब्जर्वर के सवालों व शंकाओं का समाधान किया।



पानीपत। नगर निगम सयुंक्त आयुक्त मणि त्यागी अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए।

